गली गली जाता जाये मैया का फ़कीर

मैया..... ओ मेरी माँ

गली गली जाता जाये मैया का फ़कीर
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर
गली गली जाता जाए ....

सारे खुशहाल होवे किसी को ना दुःख होवे
किसी को भी किसी से ना मांगने की भूख होवे
कोई ना बीमारी होवे स्वस्थ रहें शरीर
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर
गली गली जाता जाए ....

कोई भी बाँझ होवे गोद हरी भरी होवे
सब पे माँ भंवरो वाली दया तेरी बड़ी होवे
तेरे हाथों में मैया सबकी तक़दीर
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर
गली गली जाता जाए ....

जहाँ भी मैं देखूं दाती तेरा दीदार होवे
हर तरफ माँ भवरो वाली तेरी जय जैकार होवे
घर घर लगी रहे तेरी तस्वीर
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर
गली गली जाता जाए ....

अच्छी औलाद होवे घर सारे सुखी होवे
माता पिता ना मैया बच्चो से दुखी होवे
मिल जल कर रहें सभी हरो सबकी पीर
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर
गली गली जाता जाए ....

तेरा दरबार होवे सच्ची सर्कार होवे
दर पे माँ सवालियों की लगी कतार होवे
चंचल के दिल में सदा तेरी तस्वीर
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर
गली गली जाता जाए ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19801/title/gali-gali-jata-jaaye-maiya-ka-fakeer

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |